आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 14.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड को आई०सी०आर०टी भारत–उपमहाद्वीप पुरस्कार–2025 सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।
- पुलिस ने देहरादून में अवैध रूप से रह रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया।
- राज्य में ग्लेशियर झीलों का होगा अध्ययन; पिथौरागढ़ की दो झीलों के अध्ययन के लिए 20 सितंबर को देहरादून से होगी टीम रवाना।

पुरस्कार

उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड को आई०सी०आर०टी भारत–उपमहाद्वीप पुरस्कार–2025 का सिल्वर अवार्ड मिला है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह प्रदेश की नीतियों और पहलों की सफलता का प्रमाण है।

नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित आईसीआरटी भारतीय उपमहाद्वीप जिम्मेदार पर्यटन पुरस्कार–2025 और बीएलटीएम व्यापार शो में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पर्यटन से विशेष तौर पर स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाते हुए पर्यटन विकास पर जोर दिया। श्री महाराज ने बताया कि उत्तराखंड में ग्रामीण पर्यटन, होम–स्टे योजना और पर्यावरण संरक्षण आधारित नीतियों से एक सतत पर्यटन मॉडल तैयार किया जा रहा है।

इस अवसर पर उत्तराखंड पर्यटन और आईसीआरटी इंडिया फाउंडेशन के बीच जिम्मेदार पर्यटन साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल शाम राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में तीमारदारों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि वेटिंग एरिया में पेयजल, पंखे और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ–सफाई, सैनिटाइजेशन और रंग–रोगन की व्यवस्था तत्काल करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रक्त नमूना संग्रह केंद्र भी पहुंचे और वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना हेल्प डेस्क का भी जायजा लिया और लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और हेल्प डेस्क पर आने वाले लोगों को स्पष्ट व त्वरित जानकारी दी जाए।

तकनीक विकास

केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौध संस्थान (सीमैप) के वैज्ञानिकों ने मेंथा उत्पादन के लिए खरीफ मिंट तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से असिंचित क्षेत्रों में खेती को बढ़ावा मिलेगा, सिंचाई की खपत कम होगी और वर्षभर में तीन फसलें ली जा सकेंगी।

सीमैप के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राकेश उपाध्याय ने बताया कि अब प्लांटिंग मैटेरियल के तौर पर जड़ों की जगह पौधे के ऊपरी हिस्से का उपयोग किया जाएगा और इसे हाई डेंसिटी पाली टनल में लगाया जाएगा। इस तकनीक से प्रति हेक्टेयर 150 से 180 लीटर मेंथाऑयल का उत्पादन होगा और लागत कम होने से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

राष्ट्रीय सम्मेलन

गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर, श्री शाह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो– एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट– 2024 भी जारी करेंगे। गृह मंत्री ऑनलाइन ड्रग डिस्पोजल अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। 16 और 17 सितंबर को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एंटी–नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रमुखों के अलावा अन्य सरकारी विभागों के हितधारक भी शामिल होंगे।

गिरफ्तारी

पुलिस और खुफिया विभाग की संयुक्त टीम ने देहरादून के पटेलनगर थाना क्षेत्र के पूजा विहार चन्द्रबनी इलाके से अवैध रूप से रह रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने पश्चिम बंगाल सीमा से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने की बात स्वीकार की। उनके पास से बांग्लादेशी पहचान पत्र और परिवार रजिस्टर भी बरामद हुए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि दोनों महिलाओं को नियमानुसार निर्वासित किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में भी देहरादून में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर डिपोर्ट किया गया और सात के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जेल भेजा गया था।

झील अध्ययन

पिथौरागढ़ जिले में दो ग्लेशियर आधारित झीलों के अध्ययन के लिए देहरादून से एक टीम 20 सितंबर को रवाना होगी। इस टीम में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और अन्य विशेषज्ञ शामिल रहेंगे।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में ग्लेशियर आधारित झीलों का अध्ययन शुरू किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत पिथौरागढ़ से होगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक बारिश हुई है और राज्य को धराली व थराली जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ा है।

सचिव ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुकी केंद्रीय टीम अब केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। क्षति के आकलन के बाद केंद्र सरकार की ओर से राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिये धनराशि स्वीकृत की जाएगी।

हिंदी दिवस

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हिंदी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हिंदी केवल मातृभाषा ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता का आधार है। हिंदी ने देश की एकता को मजबूत करने के साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को नई ऊंचाइयां दी हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे हिंदी को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और इसके प्रचार–प्रसार में सक्रिय योगदान दें।

हिंदी दिवस पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक भावनाओं और आदर्शों का प्रतीक है। यह केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और अस्मिता की पहचान है। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि हिंदी दिवस पर सभी लोग अपने दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकतम प्रयोग का संकल्प लें और इसके गौरव को बनाए रखने में सहयोग करें।

हिंदी वेबसाइट

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट का हिंदी संस्करण लॉन्च किया है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी ने इसका शुभारंभ किया।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षा प्रदान करना है और हिंदी वेबसाइट उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि अब वेबसाइट द्विभाषी होगी और छात्रों को मातृभाषा में सेवाएं मिल सकेंगी।

पहले चरण में होम पेज, प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े निर्देश और विश्वविद्यालय संबंधी जानकारियां हिंदी में उपलब्ध कराई गई हैं। दूसरे चरण में प्रवेश, परीक्षा आवेदन, परिणाम, प्रमाणपत्र और छात्र सहायता सेवाएं भी हिंदी में उपलब्ध होंगी।

प्रो. लोहनी ने कहा कि यह पहल डिजिटलाइजेशन को मजबूती देगी और दूरदराज के छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा।

जीएसटी सुधार

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। 3 सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई घरेलू वस्तुओं पर कर दरों में कटौती के साथ उनका यह सपना साकार हुआ है। आज, हम बात कर रहे हैं स्टेशनरी वस्तुओं के लिए किए गए सुधारों पर।

बहुउद्देशीय शिविर

देहरादून के कालसी विकासखंड के उटैल—बैसोगिलानी गांव में कल जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करेंगे और विभागीय स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे। शिविर में दस्तावेज़ निर्माण, स्वास्थ्य जांच, पोषाहार, पेंशन—छात्रवृत्ति आवेदन, सरकारी विभागों की सेवाएं और स्वरोजगार व बीमा योजनाओं से जुड़े कार्य होंगे।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।